भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या 2449
गुरुवार, 3 अगस्त, 2023 / 12 श्रावण, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

<u>कार्गो के लिए ड्रोन गलियारा</u>

2449. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का कार्गो के लिए एक पृथक ड्रोन गलियारा स्थापित करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार का डिजिटल स्काई प्लेटफार्म स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर
<u>नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))</u>

(क) जी नहीं, फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ख) जी हाँ, डिजिटल स्काई प्लेटफॉर्म, एक सिंगल विंडो ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जो भारत में मानव रहित विमान प्रणाली प्रचालन के विभिन्न पहलुओं को विनियमित करता है। सभी सेवाएँ जैसे कि, टाईप सर्टिफिकेशन, पंजीकरण (यूआईएन), स्थानांतरण, पंजीकरण रद्द करना, आरपीटीओ का प्राधिकार और रिमोट पायलट प्रमाणपत्र जारी करना, डीएसपी के माध्यम से प्रस्तुत की जाती हैं।

***